उच्चारण किया जाये तो शरीर की उष्णता १ डिग्री तक बढ़ जाती है. ऐं बीज का उच्चारण मष्तिष्क को कुशाग्र करता है. **'खं'** बीज का जप लीवर की समस्याओं को दूर कर देता है, इस प्रकार प्रत्येक बीज का अपना विशेष प्रभाव होता है, जिसके बारे में आगे कभी विस्तार से चर्चा करेंगे.ठीक इसी प्रकार **'क्लीं'** बीज का अपना एक व्यापक प्रभाव है,ये **काम बीज** है या ये कहूँ की **काम राज बीज** है जो की सभी नकारात्मक शक्तियों या विषों का विनाश कर इन्द्र के सामान वैभव देता हुआ प्रबल आकर्षण प्रदान करता है.

यदि व्यक्ति इस साधना को किसी भी अन्य लक्ष्मी या आकर्षण, मोहन, वशीकरण साधना के पहले संपन्न कर लेता है तो कठिन से कठिन लक्ष्मी और वशीकरण साधनाएं सहज ही उसे सिद्ध हो जाती हैं. क्यूंकि ये प्रबल आकर्षण बीज है इसलिए इसके प्रभाव से लक्ष्मी भी बाध्य हो जाती हैं साधक का वरण करने के लिए.मैं एक और बात इस बीजमंत्र के बारे में बता दूँ की तंत्र मार्ग में इस बीज से सम्बंधित ऐसी भी विधियाँ है की यदि व्यक्ति मात्र इस बीज के प्रारंभ में किसी अक्षर विशेष का योग कर इस मन्त्र को यदि ५ मिनट भी जप कर किसी को देख या स्पर्श कर ले तो जिस पर भी दृष्टि या स्पर्श किया हो वो या वह के सभी उपस्थित व्यक्ति अत्यधिक उत्तेजित हो जाते हैं. पर वो एक अलग तरीका है हमें तो तीव्र परन्तु सौम्य प्रयोग चाहिए हाँ ये अलग बात है की उसके लिए भी नीचे वर्णित विधि का ही प्रयोग पहले सिद्धि के लिए किया जाता है.

मुझे याद है की ***सदगुरुदेव*** ने सन १९९० के आस पास पत्रिका में **'क्लीं'** बीज पर आधारित प्रयोग दिए थे जिनके बहुत सकारात्मक परिणाम आये हैं. एक महत्वपूर्ण बात ये भी बता दूँ की वशीकरण साधनाओ को संपन्न करने वाले साधकों को त्राटक का अभ्यास भी करना चाहिए. ये त्राटक उपरोक्त काम बीज पर किया जा सकता है या गुरुधाम से विशेष सम्मोहन वशीकरण यन्त्र प्राप्त करके भी किया जा सकता है.

To siddh this mantra, take a white paper or bhojpatra which have MAITHUN CHAKRA make from TRIGANDH and in the centre of this CHAKRA draw BEEJ MANTRA with KUMKUM. Then light a deep (earthen lamp) with the things- KUMKUM, RAKT PUSHP, NAIVODYA, and RAKT VARNIYE BATTI. It is must to use AGRBATTI having fragrance (khushbu) of GULAAB, MOGRA, and CHAMELI during sadhana kaal. To siddh this sadhana sadhak should use red clothes or red aasn to sit. Morning and night hours are good for this sadhana and west or south directions can use for this sadhana.

After GURU POOJAN and YANTRA POOJAN pay attention (dhyaan) on that yantra at TRIKUT (center of forehead) and during dhyaan KAAM BEEJ at the center of MAITHUN CHAKRA must be red. If you do this sadhana as I said here then there will be no problem otherwise some dangerous results can happen.

Always use SIDDHASAN or SUKHASAN and finally do TRAATAK (which decidedly sadhak can do). Do this sadhana daily ONE HOUR for 11 days and if you are using MOONGE KI MAALA then do not count jap but complete your one hour. Slowly- slowly this mantra will come into your mind with its great light and power which is the sigh of your success. You can understand it's important only then when you do some LAKSHMI or VASHIKARAN sadhana without it and again do that sadhana with the help of this KAAM BEEJ MANTRA. After seeing its effect you get shocked so what are you waiting for? Go ahead and see the difference.

इस मंत्र की सिद्धि के लिए सफ़ेद कागज या भोजपत्र पर त्रिगंध से बने हुए मैथुन चक्र के मध्य में कम बीज मन्त्र को कुमकुम से बना लेना चाहिए.तत्पश्चात कुमकुम , रक्त पुष्प, नैवेद्य, रक्त वर्णीय बत्ती से युक्त घृत का दीप जला हुआ हो और गुलाब, मोगरा, चमेली आदि की महक से युक्त धूपबत्ती का प्रयोग साधना काल में करना चाहिए.रात्री या सुबह का समय इसके लिए उपयुक्त है, पश्चिम या दक्षिण दिशा का प्रयोग किया जा सकता है, लाल वस्त्र व आसन का प्रयोग करना चाहिए.

गुरु पूजन और यन्त्र पूजन के पश्चात उस यंत्र का ध्यान अपने भृकुटी मध्य अर्थात त्रिकूट पर करना चाहिए और ध्यान में भी इस मैथुन चक्र के मध्य निर्मित कामबीज लाल ही होना चाहिए. ये क्रिया दुष्कर प्रतीत होती है लेकिन जब आप ये क्रिया जो क्रम यहाँ देय गया है उसी अनुसार यदि आप करते हैं तो जरा भी समस्या नहीं आएगी .

सिद्धासन या सुखासन का प्रयोग करना चाहिए और अन्तः त्राटक (जो की निश्चय ही संभव हो जायेगा) का प्रयोग करके १ घंटे तक ११ दिन तक जप करे माला मूंगे की हो जप की गिनती नहीं बल्कि समय को पूरा करे. धीरे धीरे ये मंत्र उद्दीप और तेज युक्त,प्रकाशित होकर आपके ध्यान में आने लग जायेगा जो की आपकी सफलता का प्रमाण है. ये प्रयोग कितना महत्वपूर्ण है ये तो आप तभी समझ पाएंगे जब बगैर इस प्रयोग को करे किसी भी अन्य वशीकरण या लक्ष्मी साधना को संपन्न करे और फिर उसी प्रयोग को इस कामबीज की साधना के बाद करे. प्रभाव देख कर आप खुद दांतों तले अंगुली दबा लेंगे तो फिर देर किस बात की, खुद परख कर देखिये ना.

Durlabh Shree Yantra sadhana

दुर्लभ श्रीयंत्र साधना एवं अभिषेक विधान रहस्य

"SHRI" without it life remains incomplete. There is no normal or spiritual life without it. And surely everyone knows about the YANTRA in which" SHRI" remains. From a long time different Granths and Vedas explain the importance of this wonderful YANTRA but there are many things which keep secret. After completing SHISHYABHISHEK of SADHAK his GURU tells him the secrets and PRAYOG VIDHAAN of this YANTRA. One important thing is that only ATI UCCH STARIYA PARAM SIDDH YOGI can give this type of DEEKSHA.

SADGURUDEV once told this secret and said SHRI YANTRA is a living kind of complete universe. Whole powers of every world (SMAGRA LOK) remain in this HOLY YANTRA. Many special sadhana of SHAATRK MARG fulfills through this yantra. JUST ONE MANTRA AND ONE YANTRA but changes in STHAAN (PLACE), TITHI (DATE) and SAAMGRI changes the powers which saadhak can get from it. You can get MANTRA and CHAITANYAA YANTRA from GURUDEV because only GURU knows how to STHAAPIT and make AAWAAHN OF 16 NITYAAON, 3 DIVYOGH, 3 SIDDHOUGH and 3 MAANVOUGH. Again only GURU can decide that YANTRA should place as MATSYA-PRUSHTHIYE or KOORM-PRUSHTHIYE. He knows that YANTRA should make as SUMERU ROOPI or DHAARA PRUSHTHIYE GURU can decide which KRAM is good for his SHISHYA- LAYA-KRAM or SRISHTI-KRAM. Here I am telling that secret PRAYOGS by which we can get that POWERS by

'श्री' जिनके बगैर सूना सूना लगता है जीवन चाहे फिर वो मनुष्यों का हो या फिर अन्य उच्चस्थ योनियों का . और निश्चय ही जिस यन्त्र में उन श्री का वास है उस श्रीयंत्र से भला कौन अभागा अपरिचित होगा. उस अद्भुत यन्त्र की महत्ता का बखान तो सदियों से विभिन्न ग्रन्थ और वेद करते आये हैं ,पर बहुत से ऐसे भी रहस्य हैं जिन्हें की अत्यधिक गुप्त रखा गया है . साधक का शिष्याभिषेक संपन्न करने के बाद ही गुरु इन रहस्यों को इनको प्रयोग करने का विधान शिष्य के सामने प्रकट करते हैं. यहाँ एक विशेष बात में बताना चाहूँगा की अति उच्च स्तरीय परम सिद्ध योगी ही ऐसी दीक्षा दे सकते हैं.

सदगुरुदेव ने एक बार इस रहस्य को समझाते हुए बताया की श्री यन्त्र अपने आपमें सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड का ज्यामितीय रूप है. समग्र लोकों की शक्तियों का वास इस दिव्य यंत्र में है शाक्त मार्ग की अत्यधिक विशेष साधनाएं मात्र इस यंत्र के द्वारा ही संपन्न हो जाती है. मात्र एक ही मंत्र एक ही यन्त्र परन्तु , स्थान , तिथि व सामग्री बदलने से यन्त्र से प्राप्त होने वाली शक्ति भिन्न भिन्न होती है. मंत्र व पूर्ण चैतन्य यन्त्र तो आप गुरुदेव से प्राप्त कर सकते हैं क्यूंकि १६ नित्याओं, तीन दिव्योघ,३ सिद्धौघ और तीन मान्वौघ का स्थापन साथ में समस्त सहचर शक्तियों का आवाहन और स्थापन इतना दुष्कर है जो की वर्णनातीत है , यन्त्र को मत्स्य पृष्ठीय रखना है या कूर्म पृष्ठीय , सुमेरु रूपी बनाना है या धारा पृष्ठीय, यन्त्र का निर्माण शिष्य के लिए लय क्रम से करना है या सृष्टि क्रम से, इन सभी बातों का निर्धारण तो गुरु ही कर सकते हैं. मैं यहाँ मात्र उन गुप्त तथ्यों को आपके सामने रख रहा हूँ जिनका प्रयोग कर हम उन शक्तियों की प्राप्ति इस यंत्र के द्वारा कर सकते हैं .

the help of YANTRA.

Before the ARCHAN of SHRI YANTRA it is must to do GURU-POOJAN. Sadhak should make his GURU SANTUSHT and after that start YANTRA ARCHAN. By using SHWET SANDAL, RAKT SANDAL, kamphor and mango in KAAM ROOP PEETH and start YANTRA ARCHAN helps SAADHK to get Siddhi.

Sunday-Red lotus-KHEER, Monday-KUMUD-Cow milk, Tuesday-red lotus-banana, Wednesday-TAGAR-Butter, Thursday-KLHAAR-MISHRI, Friday-white lotus- GHEE, Saturday-blue lotus-GUD.

SAADHAK who uses above given GANDH, Flowers, Food and DHOOP-lamp on decided days get his GREH-PEEDA SHAANT.

At some SIDDH PARVAT with the help of SANDAL, GOROCHAN, turmeric etc SIDDH DRAVYA, flowers of BELA or KDAMB if a sadhak do GURU ARCHAN with GURU PRADATT MANTRA then 36 YAKSHINI get SIDDH and fulfill his wishes.

At SAMUNDRA(sea Corner) if someone do YANTRA ARCHAN by flowers of KEEWDE get CHETAK SIDDHI by which he gets Devine clothes, rosary and jewelry.

By making CHOWKI of RUDRAAKSH KI LAKDI and get SHRI YANTRA STHAAPIT on it for ONE MONTH then do ARCHANAA which enables sadhak to SIDDH PISHAACHINI SIDDHI.

In SUNSAAN Jangle During night time for ONE MONTH by using of SIDDH DRAVYA and MAALTI, CHAMELI, PUNNAAG and KETKI PUSHP kram-anusaar BETAAL can SIDDH. By meaning of krm-anusaar SAADHK should ARPIT MAALTI PUSHP FIRST DAY, CHAMELI SECOND DAY, PUNNAAG THIRD DAY and KETKI FORTH DAY. Who is unaware about the POWERS OF BETAAL AND HIS SIDDHI?

MAYA can SIDDH if a person uses Red Jewellery, Red Cloth, Red SANDAL and Red Rosary at NIRJNN VAATIKA in SHRI CHAKRAA making and doing Devi avahan with the help of covered KLHAAR with

श्री यन्त्र अर्चन के पूर्व गुरुपूजन और गुरु को संतुष्ट करना अनिवार्य कर्म है इसके बाद ही यन्त्र का अर्चन करना चाहिए. श्वेत चन्दन, रक्त चन्दन , कपूर और आम इन चारो से काम रूप पीठ में यन्त्र का अर्चन करने से सिद्धि प्राप्ति का मार्ग सुगम होता है.

रविवार-लाल कमल-खीर , सोमवार –कुमुद-गाय का दूध,मंगलवार-लाल कमल-केला,बुधवार –तगर-माखन,गुरुवार-कल्हार-मिश्री,शुक्रवार-श्वेत कमल-घी,शनिवार-नील कमल-गुड़.

गंध,ऊपर वर्णित दिवस अनुसार पुष्प एवं नैवेद्य , धूप-दीप अर्पित कर जो साधक अर्चन करता है उसकी गृह पीड़ा शांत होती है.

किसी सिद्ध पर्वत के ऊपर चन्दन,गोरोचन,हल्दी रुपी सिद्ध द्रव्यों के साथ बेला या कदम्ब के पुष्पों से गुरू प्रदत्त मन्त्र से अर्चन करने पर ३६ यक्षिणी सिद्ध होकर मनोकामना पूर्ण करती है.

समुद्र तट पर यन्त्र का अर्चन केवड़े के फूलों से करने पर चेटक सिद्धि की प्राप्ति होती है जिनके द्वारा, वस्त्र,, माला,आभूषण प्राप्त होते हैं.

रुद्राक्ष की लकड़ी द्वारा निर्मित चौकी पर श्री यन्त्र का स्थापन कर १ महीने तक सेमल पुष्प,चन्दन,गोरोचन,हल्दी के साथ यदि किया जाये तो पिशाचिनियों की सिद्धि प्राप्त होती है.

सुनसान वन में रात्रिकाल में सिद्ध द्रव्य और मालती, चमेली,पुन्नाग और केतकी पुष्प से क्रमानुसार महीने भर पूर्ण सपर्या अर्चन करने से बेताल की सिद्धि होती है.क्रमानुसार मतलब पहले दिन मालती, दूसरे दिन चमेली फिर तीसरे दिन पुन्नाग और चौथे दिन केतकी इसी क्रम से इन चारो पुष्पों को क्रम से अर्पित करना है .बेताल की शक्ति से भला कौन परिचित नहीं होगा.

लाल आभूषण,लाल वस्त्र,रक्त चन्दन और लाल माला के द्वारा निर्जन वाटिका में श्री चक्र में देवी का आवाहन कर सिद्ध द्रव्यों के लेप से लिप्त कल्हार,चंपा,अशोक पत्र ,गुलाब एवं गेंदा के फूल

siddh dravya, CHAMPAA, ASHOK PATRA, and rose for ONE MONTH.

One can get TRIKAAL DARSHAN SIDDHI by drawing 6 dal kamal(lotus) and then get SHRI YANTRA in it to do DEVI-AAWAAHAN. With things as KAPOOR, SANDAL, KASTOORI sadhak should do Ayudhon yukt Devi dhyan to get this SIDDHI.

Take water in Anjuli and in think about SHRI CHAKRAA YUKT DEVI and for THREE TIMES SPEAKING OF MAATRIKAA yukt SAMPUTIT SHRI VIDYAA MANTRA and drinking that water by imagine SARASWATI NAADI is lighting on your tong can get Poorn viddwata for you.

By doing SHRI YANTRA POOJAN with SHATPATRI victory is decided in war and Court case, by doing this pooja with KEEWDA brings vehicles in life. Just like with the help of ANAAR- Hidden treasure, MOULSIR-Wife and KALHAAR-children and son is possible. By writing this YANTRA on the edge of Snake bambi with Cinnebar at that think about Devi with 1440 Shakti doing ARCHAN with SIDDH DRVYA, ITRA, SHAAK, PUSHP can get NAAG-KANYA, GNDHRV AND VIDYADHAR under SAADAHK'S control. He can also have PISHAACH or KINNER SARP as his DAAS but he should do this POOJAN for ONE MONTH but if not get success then do same pooja archanaa 3 MONTHS again.

I asked him if a SAADHAK do not do archan like this then is there other way for him!

Yes... he said,

If with DAKSHINAVRTI SHANK this YANTRA will get ABHISHEK then many wishes can fulfill. But remember at time of ABHISHEK with SHRI SOOKT.

If a sadhak is under tension about his AKAAL MRITYU then he should make ABHISHEK with ghee. To have SOUBHAGYA make this ABHISHEK with HONEY, to have AROGYA PRAPTI do this with MILK, for AISHWARYA PRAPTI with GHEE-HONEY and MILK, for POORNA GRAHSATH and PARIVAARIK SUKH with coconut water and to win

से एक माह तक श्री चक्र पूजन करने से माया सिद्ध होती है.

६ दलो वाला कमल बनाकर उसमे श्रीयंत्र की स्थापना कर देवी का आवाहन कर कपूर,चन्दन कस्तूरी द्वारा देवी का आयुधों सहित ध्यान कर अर्चन करने से इस ध्यान और अर्चन के प्रभाव से त्रिकाल दर्शन की सिद्धि प्राप्त होती है.

अंजुली भर जल लेकर और श्रीचक्र युक्त देवी का ध्यान कर मातृका से सम्पुटित श्री विद्या मन्त्र का ३ बार उच्चारण कर उस जल को जीभ में सरस्वती नाड़ी का दीपक जल रहा है ऐसा ध्यान कर यदि पी लिया जाये तो पूर्ण पांडित्य की प्राप्ति होती है.

शतपत्री द्वारा श्रीयंत्र का पूजन करने से युद्ध, मुक़दमे में विजय सुनिश्चित होती है , केवड़े से पूजन करने पर वाहन की प्राप्ति होती है , अनार से गुप्त धन,मौलसिर से स्त्री, कल्हार से पुत्र की प्राप्ति होती है , सर्प बांबी के मुह पर इस यंत्र को सिंगरफ के द्वारा लिख और १४४० शक्तियों से घिरी हुयी देवी का ध्यान कर सिद्ध द्रव्य,इत्र,शाक,पुष्प से अर्चन करने से नाग-कन्या, गन्धर्व व विद्याधर कन्या भी साधक के वशीभूत होती है. पिशाच तथा किन्नर, सर्प आदि भी उसके दास बन जाते हैं. ये पूजन १ माह तक होना चाहिए . यदि एक मास में सिद्धि न मिले तो ३ मास तक अनिवार्य रूप से इस अर्चन को करना चाहिए.

और जो साधक इस प्रकार अर्चन नहीं कर सकते क्या उनके लिए कोई और पद्दति नहीं सफलता पाने के लिए – मैंने उनसे निवेदन किया.

है क्यूँ नहीं.....

यदि दक्षिणावर्ती शंख के द्वारा मात्र श्रीसूक्त का उच्चारण करते हुए इस परम दुर्लभ यन्त्र का अभिषेक किया जाये तो भी बहुत सी मनोकामनाये पूर्ण होती ही हैं.

जैसे की यदि अकाल मृत्यु का भय हो और साधक अपनी पूर्णायु चाहता हो तो उसे गाय के घी से अभिषेक करना चाहिए , सौभाग्य की प्राप्ति के लिए शहद से,आरोग्य प्राप्ति के लिए दूध से, ऐश्वर्य प्राप्ति के लिए घी-शहद-और दूध से, पूर्ण गृहस्थ और पारिवारिक सुख के लिए नारियल पानी से , और चुनाव में विजय प्राप्ति के लिए बारिश के ओलों या हिमालय की बर्फ के

elections do this ABHISHEK with HAIL STORMS(BAARISH KE OLE) or with the ice bring from HIMAALYA.

A person who offers 108 beautiful flowers on SHRI YANTRAA while speaking its 108 get end his POORVJANAMGATT PAAP and if with this ASHT GANDH CHOORN will ARPIT then KRITYAA BAADHAA will get end.

One thing sadhak always remember that till Daridarta will stay in his house LAKSHMI cannot enter there but in SHRI SOOKT there are THREE PAAD out of which is sadhak do SADHNA of any one then Daridarta and Durbhaagyaa will get end. After that whenever sadhak will do SHRI OR LAKSHMI SADHNA surely he will become successful.

He gives me the knowledge of THREE PAAD and out of them ONE'S VIDHI is here-

By putting YANTRA before you do archanaa of YANTRA AND SADGURUDEV as your DAINIK SADHNA VIDHI. Then with fold hands speak out this given Dhyan Mantra 11 times.

AGYAAN PAATAK TAMAS TATI TEEVRA RASHMI, DOURBHAAGYA BHOODHAR VIDAARAN VAJRA MEEDE,

ROGAARTI GHOR PHANI MARDAN PAKSHIRAAJAM, LAKSHMI PADDVAYAMANTHAM HARAM SUKHAARTHI.

KHADAGAM SA-VAAT-CHAKRAM CH KAMALAM VERMAIV CH,KARAISHVATURBHIRVIBHRAANAAM DHYAAYE CHANDRANNAAM SHRIYAM.

Then everyday as per 3000 times DAILY do this JAP with RUDRAAKSH MALA 32000 TIMES. JAP should do at NIGHT ON VEERAASAN and after completing JAP SANKHYAA with TIL, GUD AND GHEE do DASHAANSH HAWAN and make a

जल से अभिषेक करना चाहिए.

श्रीविद्या के १०८ नमो का उच्चारण करते हुए १०८ सुगन्धित पुष्प जो श्री यन्त्र पर १ मास तक अर्पित करता है उसके पूर्वजन्मगत पापों का नाश हो जाता है. तथा इसके साथ यदि अष्ट **गंध** का चूर्ण भी अर्पित किया जाये तो कृत्या बाधा समाप्त हो जाती है.

एक महत्वपूर्ण तथ्य ये भी ध्यान में साधक को रखना चाहिए की जब तक दरिद्रता का नाश नहीं होगा तब तक लक्ष्मी आपके जीवन में प्रवेश कर ही नहीं सकती और न ही उसका स्थाइत्व हो सकता है साधक के घर में , परन्तु श्री सूक्त में तीन ऐसे पद हैं,जिनमे से किसी एक की भी साधना यदि कर ली जाये तो दरिद्रता और दुर्भाग्यका नाश होता ही है और इसके बाद साधक जब भी श्री या लक्ष्मी से सम्बंधित साधना करता है तो उसे अनुकूलता और सफलता मिलती ही है.

उन्होंने मुझे तीनो पदों के बारे में समझाया था मैं उसमे से एक पद की विधि आप सभी के समक्ष रख रहा हूँ.

यन्त्र को सामने रख कर दैनिक साधना विधि के अनुसार सदगुरुदेव और यन्त्र का पूजन करें, फिर हाथ जोड़कर निम्न ध्यान मंत्र का ११ बार उच्चारण करे .

अज्ञान पातक तमस् तति तीव्र रश्मिं , दौर्भाग्य भूधर विदारण वज्र मीडे.

रोगार्ति घोर फणि मर्दन पक्षिराजं,लक्ष्मी पदद्वयमनथं हरं सुखार्थी.

खड्गं स-वात-चक्रं च कमलं वरमेव च,करैश्चतुर्भिर्विभ्राणाम् ध्याये चंद्राननाम् श्रियम .

फिर तीन हजार मंत्र प्रतिदिन के हिसाब से नियम पूर्वक ३२,००० जप रुद्राक्ष माला से करे. जप रात्रि में वीरासन में होना चाहिए ,जप संख्या पूर्ण होने के बाद तिल,गुड और घी से दशांश हवं कर दे और किसी ब्राह्मण और कन्या को भोजन करवा कर दक्षिणा आदि से संतुष्ट कर दें. परिणाम आपके समक्ष होगा .

BRAAHMIN & KANYA to have Food AND DAKSHINAA. Result will be in front of you.

MANTRA- **Kshutpipasaamlaam jyeshthaalakshmim nashyaamyaham,**

Abhutimsamriddhim ch sarvaannirnud me grahaat.

Beside this there are many GOPNIYA VIDHIYA which GURU himself give to sadhak but always remember this will help you only when SHRI YANTRA get POORNA ROOPEN PRAAN PRATISHTHIT and will Deept and CHAITANYA. Otherwise it will nothing but A PIECE OF METAL OR BHOOJ PATRA.

IT is my good will that SADGURUDEV gave me this knowledge so you too come and get this GOPNIYE SOOTRAA and feel blessed.

मंत्र:- **क्षुत-पिपासामलाम् ज्येष्ठामलक्ष्मीं नाश्याम्यहम् ,**

अभूतिम्समृद्धिम् च सर्वान् निर्णुद मे गृहात.

इनके अतिरिक्त भी बहुत सी गोपनीय विधियाँ है जिन्हें गुरू स्वयं ही साधक को प्रदान करता है , पर एक बात अवश्य ही ध्यान रखने योग्य है की इन प्रक्रियाओं और सामान्य पूजन के द्वारा जीवन में उन्नति तभी प्राप्त होगी जब श्रीयंत्र पूर्ण रूपेण प्राण प्रतिष्ठित, दीप्त और चैतन्य होगा. अन्यथा वो यन्त्र मात्र धातु या भोजपत्र का टुकड़ा मात्र होगा.

ये मेरा सौभाग्य है की मुझे सदगुरुदेव ने ये ज्ञान प्रदान किया , आप भी बढिए और गुरुदेव से इन गोपनीय सूत्रों को प्राप्त कर अपने दुर्भाग्य को सौभाग्य में बदल दीजिए.

Swarna Rahshyam - Parad And Prakti Rahsh
Part - 1

स्वर्ण रहस्यम-१ पारद और प्रकृति रहस्य

As yogis think there is no basic element in nature and everything is made by the mixture of PAARAD (MERCURY) and SULPHUR (GANDHAK).

It is strange but true and ADHYAATM (SPIRITUALITY) has proved it. This SIDHAANT (PRINCIPLE) can understand with open mind which means vyaapk drishti. Remember all the basic and constructive (srijan) elements are only PAARAD and SULPHUR and with their mixture metals took birth.

So PAARAD is as PRAKRITI PURUSH SATV and GANDHAK is PRAKRITI SATV. We all know new thing can born with the combination of man and woman. Science also believes that by GUNSUTRA (CROMOSOMES) it is decided that who will born- a boy or a girl. Everyone has the qualities of both male and female and these qualities decided person's behavior. But sometimes if a problem happens during yog then new baby get sexual differences. Same thing is with metals. This is proved by INDIANS and WESTERN RAS SIDHS. When we

सृष्टि में पाए जाने वाले सभी तत्वो का निर्माण पारद और गंधक के योग से हुआ है. अर्थात यौगिकों की प्रधानता है मूल पदार्थ कोई नहीं...... अजीब लगता है न ऐसा सुन या पढ़ कर?????

पर ये सत्य है और आध्यात्म ने इस बात को साबित भी किया है, दृष्टि व्यापक हो , कुतर्क न हो तो इस सिद्धांत को समझा जा सकता है. देखिये इस ब्रह्माण्ड में पाए जाने वाले मूल और सृजन कारी तत्व सिर्फ पारद और गंधक हैं.

जिनके योग के कारण ही धातुएँ बनी है, जहा पारद प्रकृति पुरुष सत्व है वही गंधक प्रकृति सत्व. और हम सभी जानते हैं की कोई भी सृजन तभी हो सकता है जब पुरुष और स्त्री तत्व का आपस में योग हो. और विज्ञानं भी ये बात मानता है की गुणसूत्र के आधार पर ही ये भी निर्धारण होता है की उत्पन्न जीव पुरुष होगा या स्त्री, कोई भी जीव पूर्ण पुरुष या पूर्ण स्त्री नहीं होता है अपितु उसमे ये दोनों ही गुण कम या ज्यादा मात्रा में होते हैं, हाँ जो गुण अधिक होते हैं वो जीव वैसा ही व्यव्हार करता है, पर कभी कभी योग के दौरान इन गुणसूत्रों में विक्रत्ता आ जाने के कारण जो जीव

dissolve anything we get male and female features because it can make a new thing like it.

ALCHEMY is based on the principle that it is possible to change every person, thing and metal. Here change means TO GIVE NEW FORM (ROOPANTRAN) not construction (NIRMAAN). To see results we can use birds and animals by transform medicine in their body and watch its positive and negative effects.

But in RAS SHASTRA when a new medicine is made it checks its effect on NON LIVING THINGS (NIRJEEV VASTU). Because MERCURY and SULPHUR had divine qualities and when they enter in some metal or living body they end every type of impurity and make them pure. Here according to TATV meaning of purity is different as by the purity of metal means to reach at that place where nature wants to take it in proper environment. And when in fire it does not melt it means now the metal is completely pure because fire only burns its impurities. You must think this principle is from DARSHAN (PHILOSOPHY) and this is the reason of less number of RAS SIDHS. For man nature, situation and time do the same thing which fire does for metals. Gold is most precious metal of nature and RAS SHAASTRA named it KUNDAN which means after placing it on fire for many times it does not lose its weight and shines more brightly. Nature also wants to make other metals like this but in different environment PAARAD(MERCURY) and SULPHUR(GANDHK) fails to make good mixture and metals become impure then Pure Gold. For example-

PURE GOLD= PURE MERCURY+PURE

बनता है वो लैंगिक गुणों में सामान्य नहीं रहता. ये अवस्था धातुओं के साथ भी है और प्राणियों के साथ भी.ऐसा सिर्फ मैं नहीं कह रहा हूँ. बल्कि बड़े बड़े रस सिद्धों का वक्तव्य भी यही है, चाहे फिर वो भारतीय हो या पाश्चात्य. किसी भी पदार्थ का विघटन करने पर उसमे स्त्री और पुरुष तत्व की प्राप्ति होगी ही , और एस इसलिए कहा जा सकता है की क्यूंकि यदि अपने समकक्ष जाती या पदार्थ को उत्पन्न कर सकता है तो फिर उसमे ये दोनों लैंगिक गुण होने चाहिए. हाँ ऐसा जरुर हो सकता है की उसके ये दोनों या फिर कोई एक गुण सुषुप्त अवस्था में हो.

कीमिया का सिद्धांत ही इस बात पर अवस्थित है की चाहे पदार्थ कोई प्राणी हो या फिर कोई वस्तु या धातु, उसमे परिवर्तन संभव है. निर्माण की बात नहीं बात है रूपांतरण या परिवर्तन की. जहा विज्ञानं जब भी किसी औषधी का निर्माण करता है तो उसकी क्षमता को , प्रभाव को परखने के लिए किसी पशु, पक्षी या जीव का सहारा लेता है उस औषधि को उस प्राणी के शरीर में पहुचाकर उस सकारात्मक या नकारात्मक प्रभाव को देखा जाता है.

परन्तु रस शास्त्र ऐसा नहीं करता, वो जब भी किसी वेधकारी या क्रमक औषधि का निर्माण करता है तो उसे सबसे पहले विज्ञानं की भाषा में निष्प्राण या निर्जीव धातुओं पर प्रयोग कर उन परिवर्तनों को देखता है जिसके निमित्त वो द्रव्य(भस्म आदि) निर्मित किया गया है. क्यूंकि रस तंत्र विशुद्धता को महत्त्व देता है, अर्थात यदि पारद या गंधक में दिव्यता है तो उन पर संस्कृत गुणों के कारण जब वो किसी भी धातु या शरीर में प्रविष्ट हो तो अपने विलक्षण प्रभाव के कारण माध्यम धातु या शरीर की सभी अशुद्धता को नष्ट कर विशुद्धता का विकास करेंगे. यहाँ पर तत्व के अनुसार विशुद्धता की

SULPHUR

SILVER= PURE MERCURY+ LESS SULPHUR

COPER= PURE SULPHUR+LESS MERCURY

LEAD= LESS MERCURY+IMPURE SULPHUR

JASTAA=IMPURE MERCURY+LESS SULPHUR

IRON=LESS MERCURY+IMPURE SULPHUR

By this system metals are made and remember in pure and impure metals MERCURY and SULPHUR is always present. And if yog can be making under control then surely perfect body take birth. Here I am doing ROOPAANTRAN by making balance. Only nature can give birth to new bodies. All the VEDHAK KIRYA and KRAAMAN SANSKAR in RAS TANTRA are based on this principle. This is also the secret of metal transformation. You don't believe that our SIDHS do this metal change thousands times and remember if this VEDHAK KIRYAEN and KRAAMAN SANSKAR can change metal then they can give new life to human also. And this life will free from pain and problems. Always keep in mind that every pure metal, soul, Aura Of body, and gold will have golden shine. You know as sadhak do more sadhana he becomes more pure from inside same in the case of metals. I hope you understand what I mean.

This Article is a part of un-published **SWARN RAHASYAM** book which will explain in every article of **TANTRA KOUMUDI**. And in a book **ALCHEMY TANTRA** by **SADGURUDEV** this process is also explain under the title "**JAB AGHORI NE MERE DWARA SWARN KA NIRMAAN KARVAYA**". Many people try it

परिभाषा भिन्न भिन्न है, जैसे किसी धातु के लिए उसकी विशुद्धता का अर्थ होता है उस जगह तक पहुचना जो उसे प्रकृति बनाना चाहती थी पर अनुकूल वातावरण न मिलने के कारण वो वैसे बनने से वंचित रह गया अर्थात किसी भी धातु की विशुद्धता का अर्थ ये है की उसका अग्नि में क्षय न हो, वो अक्षय हो जाये और ये तभी संभव हो सकता है जब वो विशुद्ध रूप में हो क्यूंकि अग्नि सर्वश्रेष्ट परीक्षक है हमारी विशुद्धता को परखने के लिए, वो तपाती है जलती है , परन्तु आप को नहीं अपितु आपकी अशुद्धता, न्यूनता और कमियों को, और ये क्रम तब तक चलता है जब तक की आप विशुद्ध अवस्था में न आ जाये. आप को ये सिद्धांत दर्शन से जुडे हुए लग रहे होंगे न , पर ऐसा है ही नहीं, इस सिद्धांत को न समझ पाने के कारण ही तो आज तक रस सिद्धों की संख्या न्यून है. मनुष्य के लिए प्रकृति, परिस्थिति और काल वही काम करते हैं जो की धातुओं के लिए अग्नि. प्रकृति की सबसे मूल्यवान धातु स्वर्ण है, ऐसा स्वर्ण जिसे रस शास्त्र कुंदन की संज्ञा देता है.कुंदन का अर्थ होता है ऐसा स्वर्ण जिसे चाहे कितने बार गला लो, कितनी ही देर अग्नि पर तपाओ पर वो अपने भर में घटेगा नहीं बल्कि उसकी आभा बढती चली जायेगी. और प्रकृति धातुओं को उसी रूप में तो बनाना चाहती थी. पर परिस्थिति अनुकूल न होने के कारण उन धातुओं में मूल तत्व पारद और गंधक का सही योग न होने के कारण विकार उत्पन्न हो गया और वो उस विशुद्ध तत्व में निर्मित होने से वंचित हो गए. जैसे स्वर्ण अपने आप में विश्द्ध है क्यूंकि उसमे योगनुपट सही है.पर बाकि...

विशुद्ध स्वर्ण= विशुद्ध पारद+विशुद्ध गंधक

चांदी= विशुद्ध पारद + अल्प गंधक

ताम्बा= विशुद्ध गंधक+ अल्प पारद

but fail because in books only principle are written but the vidhi will tell by **SADGURUDEV.** But I can only give idea that if by vegetation (vanaspati), things or Tantra sadhana you get that using Swarn Jarit Parad and basic five things Fire stable (Agni Sthayi) on fire then that things will change in BHASM and you will get **SIDDH SOOT** and you will get what you want. This is all for now...

सीसा=अल्प पारद + अशुद्ध गंधक

जस्ता= अशुद्ध पारद + अल्प गंधक

लोहा= अल्प पारद + विकृत गंधक

इसी प्रकार से धातुओं का निर्माण होता है. यहाँ ध्यान दीजियेगा की चाहे शुद्ध या अशुद्ध अवस्था में हों पर पारद और गंधक इन सभी धातुओं में हैं. यदि किसी भी प्रकार से योग को संतुलित कर दिया जाये तो विशुद्ध तत्व की प्राप्ति संभव है क्युकी जब विशुद्ध परिवर्तन होगा तो विशुद्ध तत्व का ही होगा. यहाँ मैंने निर्माण नहीं बल्कि रूपांतरण किया है , क्यूंकि हमने संतुलन किया है. निर्माण कार्य प्रकृति ही कर सकती है. और रस तंत्र की सभी वेधक क्रियाएँ , क्रामण संस्कार आदि बस इसी सिद्धांत का अनुसरण करने पर सम्पादित होते हैं. ये रहस्य ही धातु परिवर्तन का रहस्य है. और शायद आप इस का महत्व न समझो लेकिन, इसी सूत्र के आधार पर हमारे सिद्धों ने हजारों लाखो बार ये धातु परिवर्तन की क्रिया की है, और याद रखिये जो क्रमक या वेधक तत्व धातुओं में विशुद्धता प्रदान कर सकता है तो चैतन्य मानव शरीर में क्यूँ नहीं, क्यूंकि फिर वो मानव शरीर को सभी जरा, पीड़ा और अभावों से परे कर विशुद्ध आत्मा और शरीर दे देता है, और याद रखिये चाहे वो विश्द्ध स्वर्ण हो या फिर विशुद्ध देह या आत्मा , हमेशा विशुद्धता का आभा मंडल या चमक सुनहरी ही होगी. आप जानते ही हैं की जैसे जैसे साधना का स्तर व सफलता बढते जाती है वैसे वैसे उच्चावस्था में साधक का आभा मंडल सुनहरा होने लगता है. आशा है आप मेरा इशारा समझ गए होंगे.

क्रमशः........

ये लेख अप्रकाशित **स्वर्ण रहस्यम** पुस्क का ही भाग है, जो की **तंत्र कौमुदी** में प्रति अंक लेखमाला के रूप में दिए जायेंगे. हाँ एक बात मैं और बता दूँ की सदगुरुदेव की चर्चित कृति “ **अल्केमी तंत्र**” में एक क्रिया दी हुयी है की जब अघोरी ने **मेरे द्वारा स्वर्ण का निर्माण करवाया.** उस प्रक्रिया को साधकों ने लाखो बार किया है पर सफलता हाथ नहीं आई, पर सब एक बात भूल जाते हैं की ग्रन्थ सिद्धांत बताते हैं उसकी गोपनीयता का खुलासा तो सदगुरुदेव ही करेंगे न. पर कोई बात नहीं मैं सिर्फ इतना ही इशारा कर सकता हूँ की यदि किसी भी प्रकार से मतलब वनस्पतियों, पदार्थो या साधना के योग से उन पांचो पदार्थ को अग्नि स्थायी कर लिया जाये और पारद स्वर्ण जारित हो वे सभी पदार्थ अग्नि में टिके रहेंगे और भस्म हो जायेंगे और आपको **सिद्ध सूत** की प्राप्ति हो जायेगी तथा निश्चय ही वो क्रिया सिद्ध होकर आपको आपका मनोरथ पूरा करवा देगी. इस बार के लिए इतना ही..............

Ayurveda - Achuk Siddh Saral Prayog

आयुर्वेद के अचूक सिद्ध सरल प्रयोग

Here i am giving such a an important ayurvedic prayog ,what i had got from sadgurudev ji,and whenever i tried ,found 100 percent successful. So try for it and get most benfic result of that so we also found our effort successful.

1. A piece of Cotton should be dipped(two or more times) into juice(milk) of satyanasi or hemdugdhaand dried it ,in the shodow.Repeat this process 16 times, light it, as a batti in a earthen lamp filled with ghee (Ghrut deepak or diya commonly said.)and preapare"Kajal" with the help of that.place this kajal in a place with care. Use this kajal in night,and also do 11 times paath (complete reciting of strota) Chakshushmati strota.following this process daily, continously for one month, eye sight power willbe back / regained and the spectacles need to be set aside.

2. Take three doses of mix made of mixing the termeric ,juice of Aawala/Aamala and honey , daily, removes all type of prameh and swet Pradar.

यहाँ मैं ऐसे प्रयोग दे रहा हूँ जो मुझे सदगुरुदेव से प्राप्त किये हैं और मैंने जब भी आजमाए हर बार शत प्रतिशत सफल रहे हैं. अतः इन आयुर्वेदिक प्रयोगों को आजमाकर इनका लाभ उठाये और हमारे प्रयत्न को सार्थक करें .

□. सत्यानाशी या हेम्दुग्धा के दूध में रुई को बार बार भिगोये और छाया में ही सुखायें , ये सम्पूर्ण क्रिया १६ बार करें फिर इसको घृत दीपक में बत्ती बनाकर जलाये और काजल बना लें. इस काजल को सुरक्षित रखें , रात्रि में सोते समय इस काजल को आँखों में लगाने और इसके साथ चाक्षुष्मती स्तोत्र का ११ पाठ नित्य करने पर एक मास में ही आँखों से चश्मा उतर जाता है ,नेत्र ज्योति तीव्र हो जाती है .

□. हल्दी, आंवले का रस और शहद मिलकर दिन में तीन बार लेने से सभी प्रकार के प्रमेह और श्वेत प्रदर नष्ट हो जाते हैं.

3. Daily brushing the teeth with the powder made of termeric,salt, sarson oil. This keeps your teeth healthy for life.	. हल्दी, नमक और सरसों तेल मिलाकर रोज मंजन करने से पुरे जीवन में कभी भी दांतों के रोग नहीं होते.
4. Take one seed of Palash and mix it with equal quantity of Semi powder form of Sesame seeds and also add equal quantity of sugar.this mix if take once aday , keeps you healthy and your body willbecome more healthy and strong.	. पलाश का एक बीज लेकर दरदरे पिसे तिल और शक्कर समभाग मिला कर खाने से अपूर्व बल प्राप्त होता है और दुबलापन निश्चित ही दूर होकर मजबूत और हृष्ट पुष्ट शरीर की प्राप्ति होती है .

Adbhut KanakDhara Yantra Sadhana

अद्भुत कनकधारा यन्त्र साधना

Jai gurudev It's the great of I ,that even at the age of just 32 years I was in the holy divine feet of Param Poojya sadgurudevji, as Sadgurudev ji with me from previous lives uncountable, but in this life , I meet him in person oct 1996 ,now I am most fortunate whose whole family , fully devoted to his holy feet. All the achievement gained in the life is because of his blessing's still remembered,1995-96 when my father health was very critical condition, he himself, did the **Dhanvantary mantra** jap for him. what could not positively achieved in two years of medical treatment, is possible within 6 month of that jap.. in 2004 when my father completely lost his eye sight, and no possibility of gaining back his eye sight, my mother and I did the	जय गुरुदेव यह मेरे जीवन का सौभाग्य हैं की मात्र ३२ वर्ष कि आयु मैं में सदगुरुदेव जी के चरण कमलो में पहुँच गया था |कई जन्म और जन्मान्तरो का यह सम्बन्ध था पर इस जीवन में व्यक्तिगत रूप से अक्टुबर १९९६ में उनके चरण कमलों में पहुँच सका , में आज उन भाग्शालियों में से अपने आप को एक मानता हूँ जिनका पूरा परिवार उनके प्रति श्रद्धा युक्त हैं.. आज मैं जो भी इस जीवन में उपलब्धियां प्राप्त कर पाया हूँ ,इन सबके पीछे उनका आशीर्वाद ही तो हैं| मुझे आज भी याद हैं सन १९९५-९६ में जब मेरे पिताजी का अत्याधिक ख़राब हो गया था , उस समय सदगुरुदेव जी ने स्वयं **धन्वन्तरी मंत्र** का जप उनके लिए किया था | जो दो साल के मेडिकल इलाज़ से संभव नहीं हो पाया ,वह मात्र ६ महीने के मंत्र जप ने संभव कर दिखाया ,सन २००४ में मेरे पिताजी की आखों की रोशनी पूर्णतया चली गइ थी ,

"**chakkshushi strota** " jap provided by Sadgurudev , and with sadgurudevji blessing my father regained his lost vision, even at the age of 65 years , my mother still not need any spectacles.

In 2001 , I read "**Himalaya ke yogiyon Ki gupt Siddhiyan** " authored by sadgurudev ji.and decided to go for a prayog mentioned in that regarding to have a child by reciting a specific strota mentioned in that in from of bhagvaan Pardeshwer for completely 60 days. this prayog was also 100% successful and my son is of 9 yrs age , what more, except Sadgurudev ji blessing.

with the blessing of Sadgurudev, I was always lucky to have/gained direction from my elder guru brothers. one of them is Arif Bhai.

My first meeting with Shri Arif bhai ji happened in Mumbai ,when he visited there. he is having personality embedded with scholar and wisdom.Arif ji associated with Sadgurudev ji from the very young age, I thrilled to listen various old experience related to sadgurudev ji and of sadhana shivir held that time.

I also remember once I purchased book named "Tantrik Siddhiyan" from Varanasi railway station.i read the

और कोई भी सम्भावना शेष नहीं रही कि, किसीतरह से उनकी आखों की रोशनी वापिस आ सकेगी, तब सदगुरुदेव द्वारा प्रदत्त"**चाक्षुषी स्त्रोत** " का पाठ मैं और मेरी मां ने पिताजी के लिया किया और पिताजी ने वापिस नेत्रज्योति प्राप्त कर ली| और यहाँ तक की मेरी माताजी जो इस समय ६५ वर्षो की हैं उन्हें अभी भी किसी भी प्रकार के चश्में की आवश्यकता नहीं पड़ती हैं.|

सन२००१ में मैंने "**हिमालयों के योगियों की गुप्त सिद्धियाँ** "नाम की सदगुरुदेव जी द्वारा लिखित किताब पढ़ी | और उसमें वर्णित एक प्रयोग, जो पुत्र प्राप्ति के लिए दीया गया हैं उसे करने का मन बनाया , उस प्रयोग के अनुसार ,दिए गए स्त्रोत का पाठ भगवान् पारदेश्वर के सामने ६० दिन तक करना था| और इस प्रयोग में भी मुझे १०० प्रतिशत सफलता मिली |आज मेरा पुत्र ९ वर्ष का हैं| सद गुरु देव जी का आशीर्वाद नहीं तो और क्या हैं|

ये सदगुरुदेव जी की कृपा हैं , कि मुझे बरिष्ट गुरुभाइयों से भी लगातार मार्ग दर्शन प्राप्त होता रहा हैं, उनमें से एक आरिफ भाई भी हैं| मेरी पहली मुलाकात आरिफ भाई से ,उनके मुबई प्रवास के दौरान हुए | उनके व्यक्तित्व में विद्वता के साथ ज्ञान का भी समावेश हैं|वे सदगुरुदेव जी के साथ बहुत कम उम्र से हैं , मै उनसे पहले हुए अनेकों शिविरों और सदगुरुदेव जी के सम्बंधित अनेको पुराने संस्मरण सुन कर रोमांचित हो जाता था |

chapter mentioning kanak dhara in that, in which kanak dhara sadhana described how ashta Lakshmi dhayan and viniyog and other process , was completed in the indirection Sadgurudev ji.but some of the point I was not able to understand completely, Arif bhai described and cleared some of the point that to me ,when I meet him.

Arif bhai described kanakdhara sankalp ,dhyan viniyog and matra jap process of related. also fully described the samputit path of kanakdhara strota.and later described about how to perform havan for this sadhana.

This sadhana process of 11 days has been successfully completed by my wife. Till date ,eight times ,she successfully completely this kanakdhara sadhana. Each times I and my family witnessed so any miracle, our financial status improved many times, before that money comes but we are not able to save that but now it seems all the financial insecurity has totally finished.

The sadhana process , how my wife completed this sadhana is as follows.

1. This sadhana can be completed either in 11 days or in 21 days.

इसके साथ ही मुझे याद आता हैं कि ,बनारस के रेलवे स्टेशन से मैंने सदगुरुदेव जी द्वारा रचित "**तांत्रिक सिद्धियाँ** " किताब खरीदी | उस में मैंने कनकधारा प्रयोग से सम्बंधित अध्याय पढ़ा ,उसमे दिए विवरण के अनुसार सदगुरुदेव जी के निर्देशानुसार किस तरह से अष्ट लक्ष्मी स्थापन , उनके ध्यान, और विनियोग को किस तरह से किया गया था, उसे समझाया गया था | परन्तु कुछ जगह पर दिए गए विवरणों को मै ठीक से समझ नहीं पा रहा था |आरिफ भाई जी ने मुझे इस प्रयोग से सम्बंधित बातों को , जिन्हें मै समझ नहीं पा रहा था , समझाया| आरिफ भाई जी ने मुझे बताया कि किस प्रकार से कनकधारा संकल्प ,ध्यान, और विनियोग , मंत्र जप करना हैं |इसके साथ अत्याधिक महत्वपूर्ण संपुटित कनकधारा स्त्रोत का पाठ कैसे करना हैं, साथ ही साथ इससे सम्बंधित किस प्रकार से हवन करना हैं उसे समझया | इस 11 दिवसीय साधना को मेरी धर्म पत्नी सफलता पूर्वक संपन्न कर चुकी हैं , तब से आज तक उन्होंने 8 बार ये साधना प्रक्रिया पूर्णता के साथ संपन्न की ,हर बार हम सभी परिवार वाले इस बारे के स्वयं गवाह हैं की किस प्रकार से चमत्कारिक परिणाम हमें प्राप्त हुए हैं |

हमारी आर्थिक स्थिति पहले से कई गुना अच्छी हो गयी हैं,पहले पैसा या धन आता तो जरुर था ,पर रुकता नहीं था , पर अब हम इस आर्थिक असुरक्षा को पार कर चुके हैं|

इस साधना को जिस प्रकार से मेरी धर्मपत्नी ने संपन्न की हैं उसे मै, आपके सामने रख रहा

2. In 11days (what she used to prefer)..Every day , kanak dhara mantra jap of 11 complete round of rosary with Kamalgatta rosary and 21 times path of samputit kanakdhara strota. 3. My wife did that every morning and evening time too (in each sitting)..11round of kanakdhara mantra jap and 11 times recitation of **samputit kanakdahara strotra**. 4. This sadhana required yellow colored cloths and asan (sitting mat)should be of yellow color,and sadhak should sit on aasan (sitting mat)facing east direction. 5. On Arif Bhai advice I got Kuber yantra, shree yantra, and very special kanakdhara yantra from jodhpur gurudham.(Most important point of this very specific kanakDhara yantra is that Shree Yantra ,Kuber Yantra, And shodshi kanakdhara yantra all are made in this very special kanakdhara yantra, means all the three yantra is in one.that should be used). 6. First she did kalsh sthapan (pot filled with water with special	हूँ... 1. इस साधना को ११ या २१ दिन में संपन्न किया जा सकता हैं| 2. ११ दिवसीय (जो उन्होंने पसंद की हैं),उसमें ११ माला मंत्र जप कमल गट्टा की माला से तथा संपुटित कनकधारा स्त्रोत के ११ पाठ भी करना होता हैं| 3. मेरी धर्मपत्नी ने ११ माला कनकधारा मंत्र जप और ११ पाठ संपुटित कनकधारा स्त्रोत का किया ,(सुबह और शाम दोनों समय , प्रत्येक दिन किया) 4. इस साधना में पीले वस्त्र ,पीले ही रंग का आसन हो साथ ही साथ ,पुर्व दिशा की ओर मुख करके बैठें| 5. आरिफ भाई जी की सलाहानुसार मैंने कुबेर यन्त्र ,श्री यन्त्र और **अत्यावश्यक विशेष कनकधारा यन्त्र** को , पुज्य गुरुदेव से जोधपुर से प्राप्त किया|(अत्याधिक महत्वपूर्ण तथ्य ये हैं कि इस "विशिष्ट कनकधारा यन्त्र" में ही कुबेर यन्त्र और श्री यन्त्र तथा षोडशी कनकधारा यन्त्र बने हुए रहते

poojan ritual). Then Bhagvaan ganesh poojan, Sadgurudev poojan and after that 1 round of rosary guru mantra jap.

7. Take sankalp of this sadhana by taking water in right hand palm. Then same way viniyog also did.

8. Than kakandhara dhyan is done after that panchopchar poojan(poojan with five items),and than start kanakdhara mantra jap of11 round of rosary.

9. Than 11 times path of samputit kanakdhara strota ,and than Mahalakshmi aarti done.

10. Same process repeated morning and evening times(means two times a single day) for 11 days continuously.

11. On the 12 thday, with havan with kanakdhara mantra performed for two round of rosary i.e. 216 times aahuti required. ,after that havan with two times path of samputit kanakdhara strota also did. In aahuti of havan--- kheer/sukha meva and keshar /honey is used.

12. Later kanya bhojan (food offering to girl child age not

हैं |एक ही यन्त्र में तीन यन्त्र होते हैं | इस प्रकार के यन्त्र पर ही ये साधना संपन्न हो पाती हैं)

6. सबसे पहले उन्होंने कलश स्थापन ,भगवान् गणेश पूजन ,सद गुरुदेव जी पूर्ण पूजन ,इसके साथ ही १ माला गुरु मंत्र जप भी किया|
7. सीधे हाँथ की हथेली में जल ले कर पहले संकल्प लिया फिर इसी प्रकार से विनियोग किया |
8. इसके वाद कनकधारा ध्यान किया फिर पंचोपचार पूजन किया | इसके वाद ११ माला कनकधारा मंत्र जप किया|
9. इसके वाद ११ पाठ संपुटित कनकधारा स्त्रोत के संपन्न किये |फिर महालक्ष्मी आरती संपन्न की | इस पूरी प्रक्रिया को उन्होंने सुबह और शाम दोनों समय ,इसी प्रकार से संपन्न किया| (प्रत्येक दिन, दो बार संपन्न की) और ये क्रम लगातार ११ दिन तक चलता रहा |
10. १२ वे दिन हमने दो माला हवन (२१६ बार) कनकधारा मन्त्रों से किया , इसके बाद संपुटित कनकधारा स्त्रोत से भी दो पाठ करते हुए दी| हवन सामग्री में हमने ,

more than 16/17 years of age ,with some money offered as a dakshina) for 5/7 girl child also did.

In this way, my wife completed the adbhut kanadhara sadhana, and I already wrote the effect I have got in short.

i am really thankful to Arif bhai, for clearing the confusion and asking me have this great special kanakdhara yantra form Poojya Gurudev at jodhpur gurudham.

This Great yantra is still in my pooja room, my wife still very happy to completed this sadhana still make in it continue.

What more I say it is the blessing our sadgurudev ji, what else.

Your gurubrother

Nitin Pancharia

npancharia-icc@modi.com

खीर/ सूखा मेवा तथा केसर /शहद का प्रयोग किया |

11. इसके बाद हमने ५/७ कन्याओ का कन्या भोजन व उन्हें दक्षिणा भी प्रदान की |

इस प्रकार से मेरी धर्मपत्नी ने इस साधना को संपन्न किया , और मै पहले ही इस प्रयोग के परिणाम को संक्षेप में लिख चुका हूँ |

मै आरिफ भाई जी के लिए आभारी हूँ की उन्होंने न केबल इस साधना के बारे में, मेरी कठिनाइयों को दूर किया, साथ ही साथ मुझे इस यन्त्र को गुरुधाम जोधपुर से प्राप्त करने के लिए कहा |

यह महान यन्त्र अभी भी मेरी पूजा कक्ष में हैं, मेरी धर्मपत्नी इस साधना के परिणाम से बेहद उत्साहित हैं, और वे इसे लगातार करना चाहती हैं |

इससे ज्यादा में क्या कह सकता हूँ की ये सदगुरुदेव जी की कृपा हैं ,और क्या ...

आपका ही गुरु भाई

नितिन पंचारिया

npancharia-icc@modi.com

In the End

I should write "in the beginning of new dawn", now this issue come to end, but our journey not , much still need to be done, this is our first effort so we need your's valuable suggestion about this issue so that it helps us to make it this e magazine more better and useful for you .

I also make a deep request to you all as our guru brother and sister please inform other guru brother about this e magazine and blog. So once again we are very thankful for your support and response, without that this dream never come into realty.

Our next issue will be based on……..

Plz wait for in the post in this connection in the Blog www.nikhil-alchemy2.blogspot.com

We all as a member of Tantra kaumudi **E magazine Team wishing you in advance "**

A Very happy And Prosperous new year to you all,

Specially on your

Sadhana Success , spiritual Achievement

and

your devotion to sadgurudev ji"

JAI GURUDEV